**खास खबर ...**

## मैं मैनचेस्टर टेस्ट के लिए 100 फीसदी फिट हूं : रॉबिन्सन

मैनचेस्टर (एजेंसी)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन मैनचेस्टर में 19 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट के लिए फिट हैं। ओली रॉबिन्सन ने कहा कि वह मैनचेस्टर टेस्ट के लिए 100 प्रतिशत फिट के हो गए हैं। लीड्स में तीसरे टेस्ट के शुरुआती दिन रॉबिन्सन को पीठ में चोट लगी जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गेंदबाजी नहीं कर सके। हालांकि इंग्लैंड ने तीन विकेट की करीबी जीत हासिल की जिससे श्रृंखला में 1-2 से वापसी की। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक ओली रॉबिन्सन ने कहा, कभी-कभी ऐसी चीजें सामने आती हैं, लेकिन फिर उतनी ही तेजी से चली भी जाती हैं। मैं मैनचेस्टर के लिए 100 फीसदी फिट हूं। मेडिकल टीम ने कहा कि ऐसा होने की संभावना है क्योंकि मैंने बैक-टू-बैक टेस्ट मैच खेले और लॉर्ड्स में 15 ओवर फेंके। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ऐसे कई दोस्त मिले हैं जिन्होंने कभी क्रिकेट का आनंद नहीं लिया और मुझे संदेश भेजकर कहा कि यह कितना अच्छा है। इसका हिस्सा बनना एक अद्भुत बात है।

## पैरा भाला फेंक खिलाड़ी अंतिल ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर जीता स्वर्ण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने गुरुवार को पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में 70.83 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंतिल ने 70.17 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल मई में इंडियन ओपन राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान बनाया था।

# जायसवाल-कोहली की पारियों ने दिलाई भारत को 271 रन की बढ़त

**डोमिनिका (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को भारतीय युवा स्टार यशस्वी जयसवाल (171) और कप्तान रोहित शर्मा (103) के शतकों की बदौलत भारतीय टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। लंच के बाद विराट कोहली (76) के आउट होने के कुछ देर बाद पांच विकेट पर 421 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित कर दी। टीम के पास अब 271 रन की लीड है। पारी घोषित होने तक रविंद्र जडेजा 37 तो ईशान किशन 1 रन बनाकर खेल रहे थे।**

वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल, कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने शानदार पारियां खेलीं। यशस्वी ने 171 रन बनाए। यह उनका यह डेब्यू टेस्ट है। वहीं, कप्तान रोहित ने 104 रन की पारी खेली। विराट कोहली शतक नहीं लगा पाए और 76 रन बनाकर आउट हो गए। रवींद्र जडेजा 37 और ईशान किशन एक रन बनाकर नाबाद रहे। शुभमन



गिल ने छह और अजिंक्य रहाणे ने तीन रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच, अल्जारी जोसेफ, रहकीम कार्नवॉल, जोमेल वॉरिकन और एलिक एथनेज ने एक-एक विकेट लिए। रहाणे के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा ने विराट कोहली का अच्छा साथ दिया है। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी कर ली है। भारत ने चार विकेट पर 392 रन बना लिए हैं। उसकी बढ़त अब 242 रन की हो गई है। कोहली 65 और जडेजा 20 रन बनाकर नाबाद हैं। यशस्वी जायसवाल के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा है। वह 171 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी ने 387 गेंदों का सामना किया। इस दौरान 16 चौके और एक छक्का लगाया। अल्जारी जोसेफ की गेंद पर जोशुआ डी सिल्वा ने विकेट के पीछे उनका कैच लिया।

**स्कोर बोर्ड**

**वेस्टइंडीज़ (पहली पारी):** 150, **भारत (पहली पारी):** जायसवाल कै. डासिल्वा बो. जोसेफ़ 171, रोहित कै. डासिल्वा बो. ऐथनेज़ 103, गिल कै. ऐथनेज़ बो, वारिकन 6, कोहली कै. ऐथनेज़ बो. कॉर्नवाल 76, रहाणे कै. ब्लैकवुड बो रोच 3, जाडेजा (नाबाद) 37, किशन (नाबाद)1, **अतिरिक्त** 24, **कुल** (152.2 ओवर में) 5 स्र 421 रन पारी घोषित । **विकेट पतन:** 1-229, 2-240, 3-350, 4-356, 5-405 । **गेंदबाज़ी:** रोच 24-6-50-1, जोसेफ़ 18.2-2-80-1, कॉर्नवाल 16-5-32-1, वारिकन 45-4-106-1, होल्डर 18-5-40-0, ब्रैथवेट 9-0-21-0, ऐथनेज़16-2-53-1, रीफर 4-0-16-0 ।

**एसीसी एमर्जिंग कप**

## यश धुल के नाबाद शतक से भारत ए ने पहले मैच में यूएई 8 विकेट से हराया

**कोलंबो (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान यश धुल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को यहां एसीसी पुरुष एमर्जिंग कप के शुरुआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ए पर आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज की। धुल (नाबाद 108 रन) ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज राणा (41 रन देकर चार विकेट) ने इस फैसले को सही साबित किया जिसमें आंध्र के तेज गेंदबाज नीतिश कुमार रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुथार (28 रन देकर दो विकेट) ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। इससे यूएई ए की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर महज 175 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए यह लक्ष्य कोई मुश्किल खड़ी करने वाला नहीं था और उन्होंने जीत की औपचारिकता केवल 26.3 ओवर में दो विकेट पर 179 रन बनाकर पूरी कर ली। ग्रुप बी के इस मैच में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूएई के खिलाड़ियों को भारत की सटीक और धारदार गेंदबाजी के खिलाफ रन जुटाने में काफी मुश्किल हो रही थी। अश्वंत वालथापा (46 रन), सलामी



बल्लेबाज आर्यंश शर्मा (38 रन) और मोहम्मद फराजुद्दीन (35 रन) ही यूएई टीम के लिये योगदान करने वाले तीन खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (08 रन) और अभिषेक शर्मा (19 रन) के विकेट छठे ओवर के अंदर गंवा दिये, तब स्कोर 41 रन था। पर धुल और निकिन जोस (नाबाद 41 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी कर आसान जीत सुनिश्चित की। धुल ने बेहतरीन टाइमिंग से आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 84 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 20 चौके और एक छक्का जड़ा।


## द.अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम का कार्यक्रम तय


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल के अंत में भारतीय क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के शेड्यूल की घोषणा की। भारत 10 दिसंबर से तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा, उसके बाद तीन ही मैचों की वनडे सीरीज होगी और फिर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ दौरे का अंत होगा। वनडे सीरीज का आगाज 17 दिसंबर से होगा जिसमें पहला मुकाबला जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा। दूसरा वनडे 19 दिसंबर को क्यूबेरा में तो आखिरी वनडे मुकाबला 21 दिसंबर को पर्ल के मैदान पर खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र में भारतीय टीम को अपनी दूसरी विदेशी टेस्ट सीरीज दक्षिण अफ्रीका में खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर बॉक्सिंग-डे के दिन सेंचुरियन के मैदान पर शुरू होगा, जबकि दूसरा मुकाबला साल 2024 की शुरुआत में 3 से 7 जनवरी तक केपटाउन के मैदान पर खेला जाएगा।

**टी-20 सीरीज:** 10-दिसंबर- पहला टी-20 आई, डरबन, 12-दिसंबर-23 दूसरा टी-20 , गकेबरहा,14-दिसंबर-23 तीसरा टी-20 जोहान्सबर्ग।

**वनडे सीरीज:** 17-दिसंबर-23 पहला वनडे जोहान्सबर्ग, 19-दिसंबर-23 दूसरा वनडे, गकेबरहा, 21-दिसंबर-23 तीसरा वनडे, पार्ल ।

**टेस्ट सीरीज:** 26-दिसंबर-23 से 30-दिसंबर-23, पहला टेस्ट सेंचुरियन, 03-जनवरी-24 से 07-जनवरी-24, दूसरा टेस्ट केपटाउन।





## विंबलडन के खिताब मुकाबले में अल्काराज भिड़ेंगे जोकोविच से

**लंदन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक कार्लोस अल्काराज रविवार को विंबलडन के अपने पहले खिताब के लिये मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर दो खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से रविवार को भिड़ेंगे। जोकोविच ने शुक्रवार को इटली के यानिक सिनर को रोमांचक मुकाबले में 6-3, 6-4, 7-6 (7-4) से हरा कर नौवीं बार विंबलडन के पुरूष एकल के फाइनल में प्रवेश किया जबकि सेंटर कोर्ट में खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज ने रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को 6-3,6-3,6-3 से हराया। अल्काराज पहली बार विंबलडन के फाइनल में पहुंचे हैं। सार्बिया का खिलाड़ी अब आठवीं बार विंबलडन का खिताब जीतने से महज एक कदम दूर है। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में उनका मुकाबला विश्व के नंबर एक कार्लोस अल्काराज और रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के बीच खेले जा रहे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में संभालेंगे भारतीय टीम की कमान

**मुंबई (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का एलान हो गया है। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में टीम इंडिया पहली बार एशियाई खेलों में अपनी चुनौती पेश करेगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा गया था कि शिखर धवन को चुना जा सकता है और उन्हें कप्तान बनाया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। धवन का चयन नहीं हुआ। एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में 28 सितंबर से 8 अक्तूबर तक होगी। एशियाई खेलों के लिए चुनी गई टीम में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले अधिक खिलाड़ी हैं। साथ ही इन खिलाड़ियों के चयन से एक बात स्पष्ट हो गई है कि ये विश्व कप के लिए टीम मैनेजमेंट की योजना में नहीं हैं। **एशियाई खेलों के लिए पुरुष टीम:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)। **स्टैंडबाय खिलाड़ी:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, साई सुदर्शन।



## अब विश्वकप जीतने पर महिला और पुरुष टीमों को मिलेगी समान पुरस्कार राशि

**दुबई (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरूष और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट्स में समान पुरस्कार राशि की घोषणा की है। अंडर 19 विश्व कप को भी इसमें शामिल किया गया है।**

डरबन में हुई आईसीसी की सालाना बैठक में यह घोषणा की गई। इसे महिला क्रिकेट के बढ़ावे के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्क्ले ने कहा कि यह हमारे खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। अब आईसीसी के टूर्नामेंट्स में पुरूष और महिला क्रिकेटरों को समान पुरस्कार राशि मिलेगी। 2017 से ही हम महिला टूर्नामेंट्स में पुरस्कार राशि को बढ़ा रहे हैं ताकि समान पुरस्कार राशि तक पहुंच सके। अब विश्व कप जीतने पर महिला और पुरुष टीमों को समान पुरस्कार राशि मिलेगी, फिर चाहे वह वनडे विश्व कप हो, वर्ल्ड टी-20 या फिर अंडर 19 विश्व कप। इसके अलावा आईसीसी ग्लोबल टूर्नामेंट्स के लीग, सेमीफाइनल और फाइनल मैचों की मैच फीस भी महिला और पुरुष क्रिकेटरों के लिए समान होगी। इस साल की शुरुआत में महिला टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी, वहीं नवंबर, 2022 में पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम को लगभग 16 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। स्लो ओवर रेट के लिए खिलाड़ियों का अब पूरा मैच फीस नहीं कटेगा। यह 5 फीसदी प्रति ओवर की दर से अब अधिकतम 50 फीसदी तक हो सकता है।

## सिंधु-लक्ष्य अमेरिका ओपन के क्वार्टर फाइनल में,शंकर भी जीते

**काउंसिल ब्लफ्स (एजेंसी)। दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके यहां अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने कोरिया की सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। पिछले सप्ताह अपने कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन ने चेक गणराज्य के जेन लोदा को 39 मिनट में 21-8, 23-21 से हराया। सिंधु का अगला मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा, जबकि पुरुष एकल में मुकाबला दो भारतीय के बीच होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सेन चेन्नई के 19 वर्षीय एस शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2022) के रजत पदक विजेता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए इजराइल की मिशा जिल्बरमैन पर 21-18, 21-23, 21-13 से जीत दर्ज की। सिंधु को सुंग के खिलाफ ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधु ने शुरुआत में ही 7-2 की बढ़त बना ली और फिर इसे 13-5 कर लिया। सुंग ने इस अंतर को 11-14 करने में सफल रही लेकिन सिंधु ने इसके बाद अपने दमदार खेल से उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सिंधु को दूसरे गेम की शुरुआत में सुंग से कड़ी टक्कर मिली। सुंग ने 5-3 की मामूली बढ़त हासिल की लेकिन सिंधु ने इसे 7-7 से बराबर किया और फिर 11-8 की बढ़त ले ली।


**आम सूचना**
**मूल दस्तावेज गुम हो जाने बावत**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1.श्री जयमोहन अग्रवाल पुत्र श्री बाबूलाल अग्रवाल 2. शशि मोहन अग्रवाल पुत्र श्री बाबूलाल अग्रवाल 3. वर्षा अग्रवाल पत्नि श्री जयमोहन अग्रवाल के स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 149,149/3,149/3,149/3,एवं 149/3/2,149/3. स्थित ग्राम दामखेड़ा प.ह.न. 21 रा.नि.म 2 फंदा कला तहसील हुजूर जिला भोपाल के मूल दस्तावेज (रजिस्ट्रियां) एवं (1) रामचरण पुत्र श्री पूरन एवं श्रीमती मधुलिका पत्नी श्री शरद चन्द्र अग्रवाल के नाम से रजिस्ट्री जिसकी दिनांक 19.02.1987 बुक नं. ए-1, ग्रंथ नं. 4878, सरल क्र. 2535 खसरा क्रमांक 149, (2). श्रीमती मधुलिका पत्नी श्री शरद चन्द्र अग्रवाल पावर ऑफ अटार्नी होल्डर संदीप गुप्ता श्री जय मोहन अग्रवाल आ श्री बाबूलाल अग्रवाल के नाम की रजिस्ट्री जिसकी दिनाक 04.04.1990 बुक न. ए-1, ग्रंथ क्र 6684, सरल क्र. 20 खसरा क्रमांक 149/3,(3). जय मोहन अग्रवाल आ. श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री संजीव कुमार आ. श्री जगदीश मितल के नाम की रजिस्ट्री दिनाक 28.03.1992 बुक न ए-1, ग्रंथ क्र. 8051 सरल न.-3324 खसरा क्रमांक 149/3, (4).जय मोहन अग्रवाल आ श्री बाबूलाल अग्रवाल, सुनील किंगरानी आ श्री ओमप्रकाश किगरानी के नाम की रजिस्ट्री दिनांक 28.03. 1992 बुक न. ए-1. ग्रंथ क. 8051. सरल के 3323 खसरा क्रमांक 149/3, (5)..सुनील किंगरानी आ. श्री ओमप्रकाश किंगरानी, श्री संजीव कुमार आ.श्री जगदीश मितल, जय मोहन अग्रवाल आ. श्री बाबूलाल अग्रवाल के नाम की रजिस्ट्री दिनांक 15.12.1998 बुक न ए-1 ग्रंथ न 14096, सरल क्र.. 2265 खसरा क्रमांक 149/3/2,149/3/3 (6) श्री रामचरण, पूरन आ. श्री भूरा, आशा गुप्ता पत्नी श्री रमाकांत गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता आ. श्री रामचरण लाल गुप्ता के नाम की रजिस्ट्री दिनाक 01.05.1987 बुक न ए-1, सरल के 495 खसरा क्रमांक 149, की रजिस्ट्रिया मेरे पक्षकार श्री जयमोहन अग्रवाल के ऑफिस में कार्यरत कर्मचारी जहीर हसन के दुपहिया वाहन से दिनांक 07.07.2023 को चौक बाजार से लालघाटी भोपाल के बीच कलेक्टर ऑफिस के पास कहीं गिर गए हैं। जिसकी पुलिस थाना कोहेफिजा भोपाल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उक्त मूल रजिस्ट्रीयो से सबन्धित सम्पत्तियो पर अन्यत्र कहीं कोई उपयोग अथवा दुरूपयोग नही किया गया है। उक्त सम्पत्तियो पर किसी व्यक्ति, संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध, विक्रय पत्र, हो अथवा अन्य किसी अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में समस्त दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, समय अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। उपरोक्त वर्णित मूल दस्तावेज (रजिस्ट्रियों) का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग न करे अन्यथा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**खालिद हफीज, संतोष कुमार साहु एडवोकेटस**
**कार्या-3, अहाता मनकशाह पुल बोगदा भोपाल मोबा. नं.9993374688,9300754326**

2019



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अजय सिंह ग्वाले आ. श्री किशोरीलाल ग्वाले आयु- वयस्क, निवासी - म.नं. 71-72 रत्नागिरी रायसेन रोड भोपाल म.प्र. के द्वारा अपने पुत्र धर्मेन्द्र ग्वाले वर्तमान निवासी- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नारियलखेड़ा भोपाल को आज दिनांक को अपनी संपूर्ण चल अचल संपत्ति व परिवार से बेदखल करता हूं क्योंकि मेरे पक्षकार के साथ उनका पुत्र धर्मेन्द्र ग्वाले द्वारा आये दिन मारपीट कर गाली गलौज करना व शारीरिक एवं मानिसक रूप से बहुत अधिक प्रताड़ित कर रहा है व धमकी दे रहा है कि मेरे पक्षकार व उसके परिवार को झूठे केसों में फंसवा देगा, इस कारण मेरा पक्षकार व उसका परिवार अपने बड़े पुत्र धर्मेन्द्र ग्वाले को अपने परिवार व अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से आज दिनांक को बेदखल कर दिया गया है वह आज दिनांक से धर्मेन्द्र ग्वाले अपनी मर्जी के मालिक है और हम अपनी मर्जी के मालिक है अब हमारा व हमारे परिवार को धर्मेन्द्र ग्वाले से कोई लेना देना नहीं है। अगर वह किसी संस्था, व्यक्ति, बैंक, थाने या न्यायालय आदि से कोई संव्यवहार करते है तो उक्त संव्यवहार की जबावदारी मेरे पक्षकार व उसके परिवार की किसी प्रकार से नहीं होगी। संपूर्ण जबावदारी स्वयं धर्मेन्द्र ग्वाले की होगी। अतः सूचित होवें।

**राजेन्द्र ग्वाले, अधिवक्ता**
**नि. एवं कार्या.म.नं. 40-ए, रत्नागिरी, रायसेन रोड़ भोपाल म.प्र., मो. 9425649659**

2023



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक/185/अ-6-अ/2023-24
भोपाल, दिनाक- 10.07.2023

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामेश्वरी बाई पत्नी रूपसिंह निवासी ग्राम हतियाखेडा तहसील दोराहा जिला सीहोर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम निपानिया सूखा स्थित भूमि खसरा क्रमाक 450.3 कुल रकबा 0.4425 हे. भूमि रामश्री बाई पुत्री शंकरलाल के नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज है। आवेदिका द्वारा ग्राम निपानिया सूखा स्थित भूमि खसरा क्रमाक 450/3 कुल रकबा 0.4425 हे. के राजस्व अभिलेखो में रामश्री बाई के स्थान पर रामेश्वरी अंकित किए जान का अनुरोध किया गया है। अतः उपरोक्त संबध में किसी भी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2023 के पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद नियत पेशी दिनांक को प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**तहसील हुजूर, भोपाल**

2024



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा**
**राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग,**
**ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल फोन- 07552463894**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदाएँ पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा।

| क्र | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय | निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि (2) ठेकेदार की श्रेणी (3) आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 58/23-24 व.ले.लि. दि. 11.07.2023 | वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह स्थित पुराना पारिवारिक खण्ड में ओपन जिम की तरफ प्लांटर्स एवं सीवरलाईन का नवीनीकरण कार्य। | 1-9,70,86500 2-19,417.00 | (1) 17.7.2023 सायं 5.30 तक | रु. 2000.00 | (1) 20.7.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल। | (1) 21.7.2023 समय 3.30 बजे। (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल। | (1) 03 माह (2) केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली (3) प्रथम आमंत्रण। |
| 2. | 59/23-24 व.ले.लि. दि. 11.07.2023 | विधायक विश्राम गृह स्थित नवीन परिवारिक खण्ड पुराना परिवारिक खण्ड, ब्लाक ए बी सी एवं वी.आई. पी.गेस्ट हाउस में वर्षिक मरम्मत का सिविल कार्य । | 1-9,50,000.00 2-19,000.00 | ...तदैव.... | रु. 2000.00 | ....तदैव.... | ..तदैव.... | (1) 03 माह (2) ....तदैव.... (3) ....तदैव.... |
| 3. | 60/23-24 व.ले.लि. दि. 11.07.2023 | वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन के गेट क्र. 2 के समीप गार्डन नर्सरी एरिया को स्थानांतरित कर, सुदृढ़िकरण एवं सशक्तीकरण कार्य। | 1-9,81,240.00 2-19,625.00 | ...तदैव.... | रु. 2000.00 | ....तदैव.... | ..तदैव.... | (1) 03 माह (2) ....तदैव.... (3) ....तदैव.... |
| 4. | 61/23-24 व.ले.लि. दि. 11.07.2023 | वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत विधानसभा भवन में गेट क्र.-1 के बाहरी तरफ माननीय विशिष्ट व्यक्तियों (मंत्री एवं विधायक महोदय) के गनमेन प्रतीक्षालय का सुधार एवं विकास कार्य । | 1-9,72,272.00 2-19445.00 | ...तदैव.... | रु. 2000.00 | ....तदैव.... | ..तदैव.... | (1) 03 माह (2) ....तदैव.... (3) ....तदैव.... |

(1) कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। (2) निविदा का वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। (3) यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जायेगी। (4) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उसकी निविदा खोली नहीं जायेगी (1) म.प्र. लो.नि.वि. मे उपयुक्त श्रेणी में वैद्य पंजीयन (ii) पेन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जी.एस.टी. पंजीयन (1) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (Vi) ई.पी.एफ. पंजीयन (5) कार्य की अन्य शर्तों के बाबत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी समाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल 0755-2463894**

जी-16567/23



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1**
**शेड क-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क-35 से 37/वलेलि/2023-24 — **निविदा सूचना** — भोपाल, दि.10.07.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 35 | 2023_PWDRB_290334 | नगर उपसंभाग क्र-3 लोनिवि, भोपाल के अन्तर्गत कोटरा सुल्तानाबाद सेक्शन क्र-1 के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य। | 40,00,000.00 (रू. चालीस लाख मात्र) | रु.50000.00 |
| 2 | 36 | 2023_PWDRB_290335 | नगर उपसंभाग क्र-3 लोनिवि, भोपाल के अन्तर्गत कोटरा सुल्तानाबाद सेक्शन क्र-2 के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य। | 35,00,000.00 (रू. पैंतीस लाख मात्र) | रु.50000.00 |
| 3 | 37 | 2023_PWDRB_290337 | लोनिवि, संधारण संभाग क्र-1 भोपाल के अन्तर्गत सड़कों के मरम्मत कार्य हेतु जोनल निविदा (द्वितीय आमंत्रण) | 80,00,000.00 (रू. अस्सी लाख मात्र) | रु.80000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 28.07.2023 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संवारण संभाग क-1 भोपाल**
**दूरभाष- 0755-2777485**

जी-16599/23



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 118/ 2023-24 — विदिशा, दिनांक 13.07.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आतंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_291338_1 | विदिशा | पेंच रिपेयर एवं मेंटेन्नस कार्य | लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर रिपेयर एवं मेंटेन्नस का कार्य जोनल टेंडर। | तृतीय | 164.30 | 164300.00 |
| | | | | **योग** | | **164.30** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28.07.2023, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा**

जी-16594/23